पंजीयन क्रमांक :01/01/01/34940/19

# डॉ. अम्बेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ (देशम्)



कार्यालय : प्लॉट नं. सी-7-8 कंचन निवास, फ्लैट नं. सी-2, द्वितीय तल, साईंनाथ नगर,
कोलार रोड, भोपाल (म. प्र.) **Email :** dasskmbpl@gmail.com, **Website :** www.dasskm.com

## प्रस्तावना

बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की अनुकम्पा से एवं हमारे पूर्वजों की मेहनत एवं आशीर्वाद से हमारे समग्र सामज के भाईयों एवं बहनों ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके कई सम्माननीय उपलब्धियां हासिल की है। यह सब बाबा साहब के संविधान से ही संभव हो सका है, परंतु आज भी समग्र समाज के अधिकतर भाईयों एवं बहनों के लिए दो वक्त के भोजन की व्यवस्था करना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। वर्तमान आधुनिक परिवेश में समग्र समाज को सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए बाबा साहब की बुद्धिजीवि वर्ग से की गई अपेक्षा अनुसार पढ़े–लिखे समाज के डॉक्टर इंजीनियर, वकील एवं हमारे समग्र समाज के निजी व्यवसाय करने वाले बुद्धिजीवि वर्ग ने आगे आकर इस चुनौती को स्वीकार किया है। अतः समग्र समाज में कार्य करने के लिए हम सबके द्वारा बाबा साहब के आदर्शों की छत्रछाया में **डॉ. अंबेडकर समग्र समाज कल्याण महासंघ** का गठन किया गया है।

## हमारा मिशन

समग्र समाज का सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान करना।

## (क) सामाजिक

1. समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाना।
2. समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना।
3. नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु प्रयास करना।
4. विवाह योग्य वर–वधु की तलाश में सहयोग करना जिससे संबंधित परिचय सम्मेलनों का आयोजन करना एवं सामाजिक पत्रिकाओं के माध्यम से समाज को लाभ पहुंचाना।
6. पर्यावरण का बचाव एवं संरक्षण का कार्य करना।
7. संवैधानिक अधिकारों का लाभ प्राप्त करना।

## (ख) सांस्कृतिक

8. समग्र समाज के संतों एवं महापुरुषों की जयंती का आयोजन करना।
9. सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
10. सांस्कृतिक कलाओं/विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान करना।